Amar Ujala 30-03-2026

# हिंदी माध्यम में भी सामाजिक विज्ञान पढ़ सकेंगे विद्यार्थी

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड छठी कक्षा से देगा सुविधा, अभी तक अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध थी पुस्तक

**विपिन चौधरी**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और छात्र हितैषी बदलाव करने का निर्णय लिया है। आगामी शैक्षणिक सत्र से बोर्ड सोशल स्टडी (सामाजिक विज्ञान) की पाठ्य पुस्तक को हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में उपलब्ध करवाएगा।

यह नई व्यवस्था छठी कक्षा से शुरू की जाएगी। इससे विद्यार्थियों को सुविधा और समझ के अनुसार अध्ययन का माध्यम चुनने की स्वतंत्रता मिलेगी। पूर्व शैक्षणिक सत्र में सोशल स्टडी की पुस्तक केवल अंग्रेजी माध्यम में ही उपलब्ध थी। हिंदी माध्यम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को विषय को समझने में कठिनाई होती थी। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन जाती थी।

बोर्ड के इस फैसले से हजारों विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद है। इससे विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और परीक्षा परिणाम दोनों में सुधार की संभावना है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में अब भी हिंदी माध्यम में पढ़ाई का चलन अधिक है।

**बोर्ड** अगले शैक्षणिक सत्र के लिए सोशल स्टडी की पाठ्य पुस्तक को हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही माध्यमों में उपलब्ध करवाएगा। यह पुस्तक छठी कक्षा से शुरू होगी। दोनों ही माध्यमों में पुस्तक शुरू होने से विद्यार्थी अपने लिहाज से हिंदी और अंग्रेजी मीडियम का चयन कर सकेंगे। इस शैक्षणिक सत्र में यह पाठ्यपुस्तक केवल अंग्रेजी विषय में ही उपलब्ध थी। **– डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, शिक्षा बोर्ड**



### बीबीए, बीसीए समेत चार कोर्सों की डेटशीट जारी

**शिमला।** स्नातक कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट जारी होने के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने प्रोफेशनल कोर्सों की परीक्षाओं को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर दी है। विश्वविद्यालय ने बीबीए, बीसीए, बीबीए टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट और बीवॉक के द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। प्रोफेशनल कोर्सों की

**शेड्यूल वेबसाइट पर किया अपलोड**

परीक्षाएं 16 अप्रैल से शुरू होंगी। नियंत्रक परीक्षा कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार डेटशीट विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। छात्र अब अपने-अपने कोर्स और सेमेस्टर के अनुसार परीक्षा शेड्यूल देख सकते हैं। परीक्षाएं सुबह और शाम, दोनों सत्रों में होगी। विश्वविद्यालय ने संबंधित कॉलेजों के प्राचार्यों को भी निर्देश दिए हैं कि वह यह जानकारी सभी छात्रों तक समय पर पहुंचाएं और परीक्षा से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, साथ ही सीडीओई जनसंपर्क अधिकारी और परीक्षा शाखा के अधिकारियों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए अवगत करलाया गया है। विश्वविद्यालय पहले ही यूजी कोर्स की अंतिम डेटशीट जारी कर चुका है। संवाद

Anant Gyan 30-03-2026


# बोर्ड अध्यक्ष ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

## एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल चयन परीक्षा में 34 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने रविवार को एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल चयन परीक्षा-2026 के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दाड़ी परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए समुचित प्रबंधों पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि आज आयोजित परीक्षा में कुल 44 अभ्यर्थियों में से 34 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी वातावरण सुनिश्चित किया गया, जिससे अभ्यर्थियों को निष्पक्ष तरीके से परीक्षा देने का अवसर मिला। डॉ. शर्मा ने उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए समन्वयक रमन डोगरा तथा अन्य स्टाफ की सराहना की। उन्होंने स्टाफ को वार्षिक परीक्षाओं एवं अन्य बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए प्रेरित करते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की और भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पित सेवाएं देने के लिए उत्साहित किया।



परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण करते डॉ. राजेश। अनंत ज्ञान

### किन्नौर, लाहौल-स्पीति से पहुंचे अभ्यर्थी

यह परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के लिए चंबा (होली, भरमौर, किल्लर-पांगी), कांगड़ा (दाड़ी), किन्नौर (निचार, पूह, रिकांग पियो) तथा लाहौल-स्पीति (कुकुमसेरी, काजा, केलांग) में आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए शिक्षा बोर्ड ने 959 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए थे। वहीं इसी कड़ी में दाड़ी स्कूल में परीक्षा के लिए 44 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया गया था। लेकिन परीक्षा हाल में 34 अभ्यर्थी पहुंचे, जबकि 10 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दाड़ी स्कूल में आयोजित हुई परीक्षा के लिए प्रदेश के जिला किन्नौर, लाहुल-स्पीति, चंबा और पांगी आदि क्षेत्रों के अभ्यर्थी पहुंचे थे।


Punjab Kesari 30-03-2026

# राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाओं के लिए 16 अप्रैल से शुरू होंगे आवेदन

## देरी से आवेदन पर लगेगा 2000 रुपए तक जुर्माना, बोर्ड ने जारी किया शैड्यूल

धर्मशाला, 29 मार्च (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय के तहत सितम्बर 2026 सत्र की 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। जो छात्र इन परीक्षाओं में बैठना चाहते हैं, वे 16 अप्रैल 2026 से अपने नजदीकी अध्ययन केंद्रों के माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं। बोर्ड ने आवेदन के लिए अलग-अलग चरणों में समय सीमा तय की है, ताकि छात्र बिना किसी परेशानी के अपनी औपचारिकताएं पूरी कर सकें।

छात्र बिना किसी विलंब शुल्क के 16 अप्रैल से 18 मई 2026 तक आवेदन कर पाएंगे। इसके बाद 19 मई से 19 जून तक 1000 रुपए और 20 जून से 13 जुलाई तक 2000 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन का मौका मिलेगा। फीस ढांचे की बात करें तो 8वीं के लिए 2400 रुपए, 10वीं के लिए 3000 रुपए और 12वीं के लिए 2900 रुपए फ्रैश एडमिशन शुल्क तय किया गया है। बोर्ड ने अध्ययन केंद्रों को भी सख्त चेतावनी दी है कि वे फॉर्म भरते समय सावधानी बरतें, ताकि छात्रों को मानसिक परेशानी न झेलनी पड़े।



"राज्य मुक्त विद्यालय की सितम्बर 2026 सत्र के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू कर दी जाएगी। छात्र निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने आवेदन पूरे कर लें, ताकि उन्हें भारी विलंब शुल्क से न गुजरना पड़े। बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से करवाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**– डा. राजेश शर्मा,** अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

# 2 अप्रैल से शुरू होगा बोर्ड परीक्षाओं का स्पॉट मूल्यांकन

शिमला, 29 मार्च (प्रीति): स्कूल शिक्षा बोर्ड व शिक्षा विभाग के प्रदेश निर्देशों के बाद जिलों ने बोर्ड परीक्षाओं का स्पॉट मूल्यांकन करने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी है और इसकी सूची भी जारी कर दी है। 2 चरणों में स्पॉट मूल्यांकन किया जा रहा है। पहले चरण का मूल्यांकन 2 अप्रैल और दूसरे चरण का 16 अप्रैल को किया जाएगा। राज्य के 40 से ज्यादा सैंटरों में बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। इस दौरान इस कार्य के लिए डिप्यूट किए गए शिक्षकों की सूची जारी कर दी गई है।

Divya Himachal 30-03-2026

# बोर्ड अध्यक्ष ने किया ईएमआरएस चयन परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल चयन परीक्षा-2026 के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दाड़ी धर्मशाला स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए समुचित प्रबंधों पर संतोष व्यक्त किया। परीक्षा में कुल 44 अभ्यर्थियों में से 34 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। डा. शर्मा ने उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए समन्वयक श्री रमन डोगरा तथा अन्य स्टाफ की सराहना की। उन्होंने स्टाफ को वार्षिक परीक्षाओं एवं अन्य बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु प्रेरित करते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की।

30 March , 2026 Monday Dharamshala

The Sunny Times

# DR. RAJESH SHARMA'S SURPRISE RAID EXPOSES MODEL EXAM DISCIPLINE AT DARI CENTER

**Sunny Mahajan | Dharamshala**



In a move to ensure the highest standards of academic integrity, Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education, conducted a surprise visit to the Government Senior Secondary School in Dari, Dharamshala. The inspection focused on the Eklavya Model Residential School (EMRS) Entrance Examination 2026, where the Chairman took a deep dive into the ground-level arrangements.

As the saying goes, "Luck favors the prepared," and the administration at the Dari center proved to be well-prepared indeed. Dr. Sharma meticulously reviewed the facilities provided to the candidates and expressed his sincere satisfaction with the organized environment. He noted that out of the 44 registered students, 34 turned up to chase their academic dreams, underscoring the importance of this entrance test for tribal education.

The atmosphere within the halls was described as a sanctuary of silence and transparency. Dr. Sharma emphasized that providing a fair playing field is the cornerstone of a credible education system. By maintaining a peaceful and orderly setting, the center ensured that every student had the opportunity to perform at their peak without distraction. He praised Coordinator Raman Dogra and the dedicated support staff, noting that "many hands make light work," especially when it comes to the complex logistics of state-level testing.

Looking ahead, the Chairman used this successful visit as a catalyst to motivate educators across the district. As the season for annual board exams approaches, he called upon all staff members to maintain this same spirit of dedication. He reminded the team that excellence is not an act but a habit, urging them to continue serving the student community with unwavering responsibility and heart.

# Inspection of Eklavya Model Residential School Selection Examination-2026 Center



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA MAR 29 : Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education, today conducted a surprise inspection of the examination center located at Government Senior Secondary School (GSSS), Dari, Dharamshala (District Kangra), in connection with the Eklavya Model Residential School Selection Examination-2026. While reviewing the arrangements made at the examination center, he expressed his satisfaction with the comprehensive provisions in place. Providing details regarding the examination held today, he stated that out of a total of 44 candidates, 34 appeared for the test. A peaceful, well-organized, and transparent atmosphere was ensured at the examination center, thereby providing candidates with the opportunity to take the examination in a fair manner. Dr. Sharma lauded the Coordinator, Raman Dogra, and the rest of the staff for the excellent arrangements. Encouraging the staff towards the successful conduct of annual examinations and other Board examinations, he praised their contributions and urged them to continue rendering such dedicated services in the future as well.